कच्ची नालियों का निर्माण वर्षा का पानी सुचारू रूप से बड़े नालो में जाये

भिलाईनगर। आगामी बरसात के दिनो को देखते हुए नगर निगम भिलाई क्षेत्र में कुछ ऐसे क्षेत्र है जहां पर पानी का बहाव ठीक ढंग से बड़े नालो तक नहीं हो पाता है ऐसी जगहो के लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन के जोन आयुक्तो को आवश्यकता को देखते हुए कच्ची नाली निर्माण करने का भी निर्देश दिया है कुछ जगहो पर कच्ची नाली का निर्माण किया जा रहा है जिससे सुचारू रूप से वर्षा का जल बड़े नालो में जा सके। निचली बस्तीयो में जल भराव न हो साथ ही नालियो के उपर हुए अतिक्रमण को नगर निगम भिलाई द्वारा नियमित रूप से तोड़ा एवं खाली कराया जा रहा है। कुछ जगहो पर स्थानीय निवासीयो द्वारा सहयोग किया जा रहा है कुछ जगहो पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है नगर निगम का दस्ता एक रूप से सभी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कर रहे है। निगम आयुक्त ने सब से सहयोग की अपील की है निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान का उददेश्य है कि बरसात का पानी कही जमाव न हो सीधे नालो के माध्यम से आगे निकल जाये। इसी के साथ ही वार्ड क्रं. 4 करूणा अस्पताल के पीछे तेल्हा नाला की सफाई भी चेन माउंटिग से की जा रही है। सभी क्षेत्रो का पानी जा करके तेल्हा नाला में मिलता है। वह साफ हो जायेगा तो पानी का बहाव अच्छा होगा। वार्ड क्रं. 23 नाली के उपर स्लेब हो हटाया गया। वार्ड क्रं. 13 लक्ष्मी नगर नारायण वीला के पास मुख्य नाला में चैन एक्सेवेटर मशीन द्वारा सफाई भी किया जा रहा है।